nandgaon times feb-14-3.qxd 2/13/2026 11:56 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047



# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शनिवार, 14 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 123, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## नए आपराधिक कानूनों से पुलिसिंग तेज, बस्तर में शांति सरकार की प्राथमिकता - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

### आईसीजेएस के तहत पांचों स्तंभों का एकीकरण, साइबर अपराध व नशे के कारोबार पर सख्त प्रहार

**रायपुर ।** उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य में पुलिस प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज और आसान हुई है। नया रायपुर स्थित संवाद ऑडिटोरियम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार बस्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है और कानून व्यवस्था को तकनीक के साथ मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि आईसीजेएस के अंतर्गत पुलिस, अभियोजन, फॉरेंसिक, जेल और न्यायालय— इन पांचों स्तंभों को एकीकृत करने की दिशा में छत्तीसगढ़ देश में अग्रणी बनकर उभरा है। दुर्ग और बिलासपुर जिले पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मॉडल जिले के रूप में सामने आए हैं, जहां ई-साक्ष्य जैसी व्यवस्था से पुलिस को साक्ष्य तुरंत उपलब्ध हो रहे हैं और विवेचना की गति बढ़ी है।

**पुलिस कर्मियों के लिए बड़ी राहत**

गृह मंत्री ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत सीसीटीएनएस, ई-सम्मन, ऑनलाइन एफआईआर, ई-कोर्ट, ई-साइन और ई-श्रुति जैसी डिजिटल व्यवस्थाओं से आम नागरिकों को न्याय मिलने में सहूलियत हो रही है। पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए आठ बैंकों के साथ एमओयू कर बिना प्रीमियम के सैलरी अकाउंट पर बीमा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अब तक 15 शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को 16 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी जा चुकी है।



**शिकायतों के ऑनलाइन निराकरण से पारदर्शिता**

उन्होंने बताया कि अपराध समीक्षा एप्लीकेशन के माध्यम से पूरे राज्य में दर्ज एफआईआर की निगरानी, समीक्षा और विश्लेषण किया जा रहा है, जिससे जवाबदेही तय हो रही है। पुलिस मुख्यालय में ऑनलाइन कंप्लेंट मैनेजमेंट पोर्टल शुरू होने से शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया तेज हुई है और पीड़ितों को त्वरित राहत मिल रही है।

**अवैध प्रवासियों व साइबर अपराध पर सख्ती**

राज्य में अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए विशेष टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई की जा रही है। अब तक 34 लोगों को देश से निष्कासित किया जा चुका है। साइबर अपराध के खिलाफ अभियान चलाते हुए फर्जी सिम जारी करने वाले 165 संचालकों को गिरफ्तार किया गया तथा 255 ऑनलाइन जुआ लिंक और पोर्टल बंद कराए गए हैं। कई जिलों में साइबर थानों का संचालन भी शुरू हो चुका है।

**गौवंश संरक्षण और नशे के कारोबार पर प्रहार**

गृह मंत्री ने बताया कि गौवंश वध, अवैध परिवहन और व्यापार के मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए 142 वाहनों को राजसात और 27 वाहनों की नीलामी की जा चुकी है। वहीं एनडीपीएस एक्ट के तहत नशे के कारोबारियों की संपत्तियां जब्त कर उनके आर्थिक नेटवर्क को तोड़ा जा रहा है।

**बस्तर में शांति और पुनर्वास पर जोर**

नक्सलवाद के अंत को लेकर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में भय और हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है। सरकार का फोकस अधिक से अधिक माओवादियों के पुनर्वास पर है, जिसका सकारात्मक असर दिख रहा है। दो पंचायतों ने स्वयं को नक्सल मुक्त घोषित किया है। पुनर्वासित युवाओं को प्रशिक्षण, मोबाइल फोन, शैक्षणिक भ्रमण और सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं से मुख्यधारा में जोड़ा जा रहा है।

**जेल सुधार की दिशा में पहल**

जेलों में सुधारात्मक कदमों के तहत रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और अंबिकापुर की केंद्रीय जेलों को आईएसओ प्रमाणन मिला है। रायपुर केंद्रीय जेल में च्उमंग-तरंगज्ज् रेडियो स्टेशन तथा अंबिकापुर में कला प्रशिक्षण केंद्र शुरू कर बंदियों को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मसाला, एलईडी बल्ब और अन्य लघु उद्योगों के माध्यम से कौशल विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

## दौलतराम ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले लगाई धनिया की फसल



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** जिले में उद्यानिकी फसलों की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। ग्रीष्मकालीन धान के बदले धनिया की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम जंगलेसर के किसान श्री दौलतराम साहू ने 2.5 एकड़ में धनिया की फसल लगाई है। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी विभाग से इसके लिए मदद मिली है तथा 20 किलो धनिया बीज प्राप्त हुआ है। फसल चक्र परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए उन्होंने यह फसल लगाई है। विशेषकर फल धनिया से उन्हें मार्च-अप्रैल में इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण के बहुत से लाभ है। धान की फसल की अपेक्षा धनिया की खेती में कम पानी लगता है। भूमि की उर्वरक क्षमता बढ़ती है, लागत कम आती है और बीमारी कम होती है। धान की फसल की तुलना में अन्य फसलों से अधिक लाभ हो रहा है। शासन द्वारा चना, सरसों एवं अन्य फसलों की भी खरीदी करने की घोषणा की गई है, जिससे किसानों को और भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मंत्रीपरिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एक मुश्त भुगतान करने का निर्णय लिया गया है। यह किसानों के लिए बहुत ही खुशी की बात है।

## लखोली में महाशिवरात्रि पर भक्ति और संस्कृति का महाकुंभ

**दिवसीय देवी जस गायन एवं भव्य झांकी प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष लखोली क्षेत्र में भक्ति, आस्था एवं संस्कृति का भव्य संगम देखने को मिलेगा। भगवान भोलेनाथ एवं माँ भगवती की असीम कृपा से बोलबम परिवार श्री मुरलीधर कान्हा सेवा भजन मंडली तथा समस्त वार्डवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय देवी जस गायन एवं भव्य झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 14 एवं 15 फरवरी 2026 शनिवार एवं रविवार को लखोली दुर्गा चौक, वार्ड क्रमांक 35 एवं 36 में संपन्न होगा।



कार्यक्रम के दौरान देवी जस गायन की विभिन्न मंडलियों द्वारा भक्तिमय प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी वहीं आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 फरवरी 2026 शनिवार को विधिवत उद्घाटन समारोह के साथ होगा। इस अवसर पर माननीय श्री आशीष गुप्ता जी समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सागर गांधी जी समाजसेवी करेंगे। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे जिनमें प्रमुख रूप से श्री नरेश साहू जी, श्री भागचंद साहू जी पूर्व पार्षद, वार्ड 35 श्रीमती दुलारी बाई साहू जी पूर्व पार्षद वार्ड 33, श्री शत्रुहन साहू जी शिक्षक, श्री मांगन दास साहू जी, श्री भोमराज कुमावत जी, श्री उमेश साहू जी एलआईसी सलाहकार, श्री उमराव यादव जी, श्री भोला बंछोर जी, श्री खेमचंद खेमा साहू जी एवं श्री दीपक साहू जी वरिष्ठ पत्रकार शामिल रहेंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों एवं आसपास के श्रद्धालुओं से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भव्य आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा बल्कि सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक एकता को भी सुदृढ़ करेगा। आयोजन समिति के संरक्षक मांगन दास साहू, अध्यक्ष संजय साहू, उपाध्यक्ष भुवन साहू, कोषाध्यक्ष तरुण साहू, सहयोगी बोलबम परिवार श्री मुरलीधर कान्हा सेवा भजन मंडली एवं समस्त वार्डवासी लखोली दुर्गा चौक वार्ड क्रमांक 35 एवं 36 उपस्थित रहेंगे। सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर को ऐतिहासिक और सफल बनाएं।

## जी राम जी योजना से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे - कोमल सिंह राजपूत

**राजनंदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत जी राम जी के संबंध में राजनंदगांव ग्रामीण के ग्राम ईरा एवं कोपेडीह में ग्रामीणों से मिलकर कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम का निराकरण करते हुए जी राम जी योजना के बारे में विस्तार से बताया । श्री राजपूत ने ग्रामीणो से जल संरक्षण, पर्यावरण सरक्षण विषय पर जानकारी प्राप्त की एवं महिलाओ को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया तत्पश्चात ग्रामीणो ने एक स्वर मे मोदी जी को धन्यवाद दिया तब जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि विकसित भारत जी राम जी योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत-2047 की संकल्पना को पूरा करने की दिशा में एक अहम कदम होगा । ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को समुचित रोजगार मिले, इसी संकल्पना को पूरा करने के लिए यह योजना लाई गई है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे । जी राम जी योजना में मजदूरी भुगतान जल्दी होगा और खेती किसानी के कार्यों को सुरक्षित रखने के लिए बुवाई और कटाई के समय 60 दिनों तक कार्य रोक जा सकेंगे । ताकि किसानों को पर्याप्त मजदूर उपलब्ध हो सके और कृषि गतिविधियां प्रभावित न हो । श्री राजपूत ने कहा कि जी राम जी योजना के तहत चार प्रमुख क्षेत्र पर सरकार फोकस करेगी । जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना,आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन ।इस अधिनियम के माध्यम से कृषि,पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी । श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में मनरेगा के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ और रोजगार के नाम पर लोगों से छलावा किया गया। जिन लोगों ने मनरेगा में काम किया, उनका भुगतान भी समय पर नहीं किया गया। श्री राजपूत ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 125 दिन की रोजगार के साथ ही 7 दिनों में भुगतान की सुविधा की गई है। भारत के समग्र विकास और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इन योजनाओं का क्रियान्वयन किया है । श्री राजपूत ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना भारत को एक नई पहचान दिलाएगी। इसलिए इस योजना को लेकर हमें जन जागरुकता लानी है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस योजना के लाभ को हमें बताना है। अच्छी योजनाओं और कार्यों को जनता तक पहुँचाने का कार्य हमें करना है। अच्छी योजनाएं राष्ट्र निर्माण की सीढ़ी होती है जो भ्रष्टाचार रूपी कीड़े को काटने का काम करती है। इस दौरान खिलेश्व साहू जी, अध्यक्ष ग्रामीण मंडल राजनांदगांव(पूर्व), किशोर साहू जी सरपंच ईरा, रमन सिंह राजपुत जी महामंत्री ग्रामीण मंडल, बुद्धेश्वर साहू, राजनांदगांव(पूर्व), नेपाल साहू जी, चुनेश्वर साहू जी,महेश साहू जी राजा माखीजा, हरिशंकर देशमुख, मुख्य रूप से उपस्थित थे।



**कांग्रेस के बहकावे मे कोई नही आएगा - कोमल सिंह राजपूत**

## रायपुर में मनरेगा संशोधन के खिलाफ युवा महापंचायत, विशु अजमानी सहित राजनांदगांव के युवा शामिल

### युवा कांग्रेस के बैनर तले उमड़ा जनसैलाब, राष्ट्रीय नेतृत्व की मौजूदगी में सरकार को कड़ा संदेश

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** मनरेगा में प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ रायपुर में युवा कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक युवा महापंचायत ने प्रदेश की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार किया।

इस विशाल आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से हजारों युवाओं ने भाग लेकर रोजगार, अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की महापंचायत में विशु अजमानी के साथ राजनांदगांव से पहुंचे युवाओं की सक्रिय और जोशीली भागीदारी विशेष रूप से चर्चा का विषय रही। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस



अध्यक्ष दीपक बैज, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव एवं पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह महापंचायत ऐतिहासिक रूप से सफल रही। इस ऐतिहासिक महापंचायत में एआईसीसी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही, उनके मार्गदर्शन और सहयोग से राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से युवाओं की मुलाकात संभव हुई। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने तथा मनरेगा संशोधन के खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। इस विशाल सभा में विशु अजमानी प्रदेश सचिव, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही, उनके साथ राजनांदगांव से पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, शुभम कसार, सागर ताम्रकार एवं अभि गुप्ता भी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में युवाओं के अधिकार, रोजगार की सुरक्षा और मनरेगा को कमजोर करने वाले संशोधनों के खिलाफसंघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया।

## आंको में भव्य नरका पंडुम एवं छत्तीसगढ़ी नाचा का आयोजन कल

**राजनांदगाँव ( नांदगाँव टाइम्स )।** आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज सर्कल आंको(खोभा) एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में सर्कल स्तरीय नरका पंडुम का भव्य आयोजन कल 15 फरवरी रविवार को प्रात: 10 बजे से छुरिया विकास खंड के कोयतुर गोंड़ समाज बाहुल्य ग्राम आंको(खोभा) के शंभूशेक पेन ठाना प्रांगण में किया गया है।रात्रि में लोगों के स्वस्थ मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ज्ञान की पूजा ग्राम मुरमाड़ी(महाराष्ट्र)का कार्यक्रम रखा गया है।अध्यक्षता आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में पेण्ड्रीडीह के सरपंच कल्याण सिंह कंवर, मरकाकसा के सरपंच भुमेश्वरी शिशुपाल सलामें, जोब के सरपंच गणेशिया मुकेश उसेण्डी, नांदियाखुर्द के सरपंच अनुसूईया ललित आचले, पंडरापानी के संतराम सलामें, घोरतलाव के सरपंच उर्मिला नायडू , जनपद पंचायत छुरिया के सदस्य सुनीता उनेश दुग्गा, समाज के ब्लाक सचिव समन लाल उइके,सांस्कृतिक मंत्री भूनेश्वर नेताम,कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष धर्मेन्द्र दुग्गा, कटेंगाटोला के गायता शिवकुमार सलामें, महिला प्रभाग के अध्यक्ष अंबिका सलामें,युवा प्रभाग के अध्यक्ष तोमन आचले,पेण्ड्रीडीह के उपसरपंच कलेश कुमार हारामी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत करने के बाद समस्त समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि सभा संबोधित कर समाज को दिशा दिखायेंगे।




## पोस्ट ऑफिस कर्मचारी ने किया करोड़ों का फर्जीवाड़ा

**मामला - जटकन्हार पोस्ट ऑफिस का**

**ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई लूट हुआ फरार**

**डोंगरगढ़ ( नांदगाँव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत जटकन्हार स्थित पोस्ट ऑफिस में एक बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है। यहाँ के पोस्ट मास्टर आशीष मंडावी के द्वारा लगभग 8 गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालते हुए लगभग एक करोड़ रुपये का गबन कर फरार होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत ग्रामीण शीघ्र ही शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से सौंपेंगे।

**फर्जी पास बुक और फर्जी एंट्री का खेल**

ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी आशीष मंडावी पिछले 10 वर्षों से बेलगाँव, माडीतराई, कटली, धुसेरा, हरणसिंधी, नागतराई, डारागाँव और जामरी के ग्रामीणों को ठग रहा था। वह खाताधारकों को



नकली पासबुक जारी करता था और उसमें जमा राशि की हाथ से एंट्री भी कर देता था, लेकिन उस राशि को विभाग के मुख्य रिकॉर्ड (सॉफ्टवेयर) में दर्ज नहीं करता था। फर्जीवाड़े का खुलासा तब हुआ जब ग्रामीण पैसे निकालने पोस्ट ऑफिस पहुँचे। वर्तमान पोस्ट मास्टर चंद्रशेखर पटेल ने जब रिकॉर्ड चेक किया, तो कई खातों में पैसा ही नहीं मिला। इससे ग्रामीणों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें न केवल भारी आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि वे मानसिक रूप से भी टूट चुके हैं।

**जांच में मिला सबूतों का जखीरा**

विभागीय सूत्रों के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद जब विभाग ने आरोपी आशीष मंडावी के घर की तलाशी ली, तो वहां से 150 से अधिक फर्जी पासबुक बरामद की गई हैं। यह इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि घोटाला काफी बड़े स्तर पर किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी शिकायतों की बारीकी से जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ठगी के शिकार ग्रामीण आज प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग करेंगे कि आरोपी के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और उनके पासबुक में दर्ज राशि उन्हें वापस दिलाई जाए।

nandgaon times feb-14-3.qxd 2/13/2026 11:56 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) वर्ल्ड सिटीज डे 2024 की थीम क्या है?*
*2) भारतीय रेलवे ने सर्वप्रथम कब और किस ट्रेन में तत्काल आरक्षण सेवा प्रारम्भ किया था?*
*3) किस राज्य सरकार ने शहीद माधो सिंह हाथ खर्चा योजना शुरू की?*
*4) बाली पद्यामी त्योहार किस राज्य में मनाया जाता है?*
*5) ब्लैक काइट, एक शिकार करने वाला पक्षी, मुख्य रूप से किन क्षेत्रों में पाया जाता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) शहरों के लिए युवाओं द्वारा जलवायु और स्थानीय कार्यवाही का नेतृत्व (2) 20 दिसम्बर 1997 और दिल्ली-अमृतसर शताब्दी एक्सप्रेस (3) ओडिशा (4) कर्नाटक (5) ऑस्ट्रेलासिया, यूरेशिया और अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय क्षेत्र

# बालोद जिला सेन समाज की बैठक संपन्न

**बालोद (छत्तीसगढ़)।** बालोद जिला सेन समाज की जिला स्तरीय बैठक बंजारी धाम, जुगेरा में अनुशासन, एकता और समाज सुधार के उद्देश्य से संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संतोष कौशिक ने की तथा संचालन उमेंद्र कौशिक ने किया। बैठक में जिलेभर से ब्लॉक, इकाई, महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, वरिष्ठजन और युवा प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में समाज के अनुशासन और संस्कृति को सशक्त करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए — विधवा माताओं को विवाह समारोह में च्मौर सौंपनेज् का अधिकार रूप में सम्मानजनक सहभागिता दी जाएगी। सगाई के बाद लड़का-लड़की के बीच मोबाइल पर निजी बातचीत पूर्णत: निषिद्ध रहेगी। धर्मांतरण करने वाले सदस्यों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। सेन समाज के सदस्य अन्य समाज या धर्म के सैलून व पार्लर में कार्य नहीं करेंगे। भव्य मृत्यु भोज और कलेवा पर रोक लगाकर सादगीपूर्ण परंपरा अपनाई जाएगी। मृत्यु अवसर पर मृतक को कफन ओढ़ाने के बजाय समाजजन नगद सहयोग प्रदान करेंगे। महिलाओं के लिए संगठन गठन, स्वरोजगार प्रशिक्षण व सम्मान समारोह आयोजित होंगे। सामाजिक प्रकरणों में महिलाओं की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विवाह में जूता छुपाने की परंपरा समाप्त की जाएगी। बालोद जिला सेन समाज अब बिना पार या फिरका भेदभाव के एकता के साथ कार्य करेगा। जिला से लेकर ब्लॉक स्तर तक सैलून संघ का गठन किया जाएगा। बैठक में संतोष कौशिक, लोकेश कौशिक, जगन कौशिक, संतोष श्रीवास, उमेश सेन (मीडिया प्रभारी), ओमप्रकाश सेन, डोमार कौशिक, विजय सेन, दीपेंद्र सेन, जनक कौशिक सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे। विशेष रूप से कंपनी कमांडर ओमप्रकाश सेन ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर समाज मीडिया प्रभारी उमेश कुमार सेन ने कहा कि सेन समाज आज किसी पहचान का मोहताज नहीं है। बालोद जिला सेन समाज की एकता पूरे प्रदेश में उदाहरण प्रस्तुत करती है। किसी समाजजन के निधन पर सैलून संघ की सभी दुकानें स्वत: बंद हो जाती हैं, चाहे वह त्यौहार हो या उत्सव — यह हमारी संवेदना और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में बालोद जिला सेन समाज को च्मॉडल जिलाज्ज् के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यहां समाज अनुशासन, एकता और सेवा की भावना के साथ संगठित रूप से कार्य कर रहा है। बैठक के समापन पर संकल्प लिया गया कि बालोद जिला सेन समाज अपने आदर्श, अनुशासन और संस्कृति की पहचान को बनाए रखते हुए समाज सुधार की दिशा में सतत कार्य करता रहेगा।



**समाज सुधार और अनुशासन की नई दिशा तय**

## नक्सल पीड़ितों ने सौंपा ज्ञापन, कहा - हमारे साथ न्याय करो

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति 2025 के तहत नक्सल पीड़ित परिवारों को नौकरी, आर्थिक सहायता राशि एवं आवासीय भूमि देने का प्रावधान है। इसी मांग को लेकर नक्सल पीड़ित परिवारों ने आज राजनांदगांव कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पीड़ितों ने बताया कि नक्सल हिंसा में अपने परिजनों को खोने के बाद वे वर्षों से कठिन जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शासन द्वारा बनाई गई पुनर्वास नीति उनके लिए उम्मीद की किरण है, लेकिन अब तक उन्हें इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवारों का कहना है कि पुनर्वास नीति 2025 में राज्य गठन के बाद से प्रभावित परिवारों को आवासीय जमीन, आर्थिक सहायता एवं रोजगार देने का स्पष्ट प्रावधान है, इसके बावजूद वे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझकर रह गए हैं। नक्सल पीड़ितों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें पुनर्वास नीति का वास्तविक लाभ दिया जाए, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। आगे कहा अन्य जिलों मे केंद्र राज्य की राशि, नौकरी प्रदान क़र रहे हैँ, झीराम कांठ के पीड़ितों को प्रदान किया हैँ सभी पीड़ितों को एक समान लाभ मिलना चाहिए कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।



## पिता, पुत्र की एक साथ निधन

**कलकसा ( डोंगरगढ़ ) ( नांदगाँव टाइम्स )।** भैंसरा निवासी कार्तिक उईके (सेवानिवृत शिक्षक) 81 वर्ष एवं पुत्र हीरा राम उईके( शिक्षक) 52 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। आज दोनों एक साथ देवलोक हो गए कार्तिक उईके जी का तीन पुत्र एक पुत्री थे । जिसमें से हीरा राम उईके ज्येष्ठ पुत्र थे । हीरा राम उईके के दो पुत्र है। जो दोनों एम बी बी एस डाक्टर है। उन दोनों की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर है। उनके परिवार के लिए दोहरा दुखद घटना है । ये दोनों पिता, पुत्र अपने बीच भरे पूरे परिवार को छोड़कर चले गए। उनके अंतिम संस्कार में स्वजातीय गण आस, पास सहित अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।





## पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला में फीफा फुटबाल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला में 12 फरवरी 2026 को फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा फीफा के सहयोग से संचालित फुटबॉल फॉर स्कूल पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। सूचीबद्ध दिशा-निर्देशों के अनुसार कबीरधाम जिले के 25 सरकारी एवं निजी विद्यालयों को फुटबॉल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर फुटबॉल खेल को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों का समन्वय स्थापित करना है, जिससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो सके। फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन एन. के. लांजेवार, नोडल प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय उड़ियाकला के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी श्री एफ आर. वर्मा एवं एस. के. यदु उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। फुटबॉल जैसे खेल बच्चों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं शारीरिक सुदृढ़ता का विकास करते हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 25 विद्यालयों से आए छात्रों के मध्य फुटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय किशोर (पीजीटी हिंदी), शारीरिक शिक्षक श्री हरिशंकर साहू, चंद्रकांत यादव (संगीत शिक्षक) सहित अन्य सहयोगी शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में एस. के. मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।



## बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर जन-सुनवाई आयोजित

**बालोद ( नांदगाँव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर दुर्ग क्षेत्र (दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले) के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने हेतु क्षेत्रवार ऑनलाईन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों (उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं लोड डिस्पैच सेंटर) द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व आपत्तियाँ दर्ज करा सकते हैं। दुर्ग क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने के लिए 17 फरवरी 2026 को प्रात: 10:30 से दोपहर 12 बजे तक रायपुर नाका दुर्ग स्थित मुख्य अभियंता कार्यपालक निदेशक कार्यालय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग पर उपस्थित हो सकते हैं। इसके साथ ही यदि कोई उपभोक्ता सीधे रायपुर आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रखना चाहता है, तो 19 फरवरी 2026 को दोपहर 12 से 01:30 बजे तक कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 02:30 से 04 बजे तक घरेलू उपभोक्ता एवं शाम 04 से 05:30 बजे तक गैर-घरेलू उपभोक्ता उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी तरह 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12 से 01:30 बजे तक स्थानीय निकाय, नगर निगम एवं ट्रेड यूनियन आदि, दोपहर 02:30 से 04 बजे तक निम्न दाब उद्योग एवं सायं 04 से 05:30 बजे तक उच्च दाब उद्योग अपनी सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे। याचिकाओं का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट सीएसईआरसी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। दुर्ग क्षेत्र के सभी इच्छुक सम्मानीय उपभोक्ता और विभिन्न संगठन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर अपने सुझाव दे सकते हैं।



# माता-पिता का पूजन कर छलके आंसू मनाया सच्चा प्रेम दिवस

### माता-पिता हुए गदगद, पूजन कर पाया आशीर्वाद

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच राजनांदगाँव द्वारा पिछले 16 वर्षो से प्रतिवर्ष 14 फरवरी के दिन भव्य रूप से मातृ-पितृ पूजन करते आ रहे है और इस वर्ष भी यह आयोजन ग्राम-पंचायत सुरगी में सैकड़ो युवाओं को साथ लेकर अपने माता-पिता का पूजन कर मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया ।

मंच के प्रदेशाध्यक्ष जीवन कुमार साहू एवं संरक्षक. संजय शर्मा, रितेश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच द्वारा यह आयोजन प्रत्येक वर्ष करते आ रहे है और इस वर्ष भी आज सुरगी में व्यापक स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा 14 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे समता वृद्धाश्रम जी.ई. रोड में सैकड़ो युवाओं द्वारा वृद्ध माता-पिता का पूजन कर मनाया जाएगा मातृ-पितृ पूजन दिवस । सुरगी में हुए कार्यक्रम में अतिथि रूप में पहुंचे समाज सेवी सुनील अग्रवाल ओमप्रकाश निषाद ने पूजन कार्यक्रम को देखकर गदगद हो गए । भावविभोर होकर उपस्थित जनसमूह को इस आयोजन की खूब-खूब सराहना किये । आज के समय में दिनों-दिन बच्चों एवं युवाओं में माता-पिता के प्रति अनादर भाव का बढ़ना, मन की अशांति, चिड़चिड़ापन, के साथ तेजी से व्यसन की ओर बढ़ते जा रहे है ऐसे में मातृ-पितृ पूजन दिवस इन सब विकारों से बाहर लाकर संस्कारो का बीजारोपण कर उन्नति की ओर ले जा रहा है । अच्छे संस्कार व्यक्ति को महान बना सकता है और वही बुरे संस्कार इंसान को पतन की खाई में गिरा सकता है । जीवन साहू ने बताया कि आज के सुंदर आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएँ पहनायीं, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की । फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी । विधिवत हुए इस पूजन कार्यक्रम की उपस्थित लोगों के हृदय से स्वीकारा की ऐसे दिन को बड़े भव्यता के साथ सभी को करना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित बच्चो ने प्रतिज्ञा लिया कि प्रतिदिन सुबह उठ माता पिता का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे माता पिता ने कहा ऐसे आयोजन में आने का सौभाग्य मिला हर वर्ष हम सम्मिलित होंगे। इस आयोजन में मुख्य रूप से स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन कुमार साहू, संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव, आदित्य पराते, भरत, अशोक शाक्य, सुमन साव, नोमेश्वर साहू, रामखिलावन, योगिता साहू, ख्याति साहू, कविता, ममता , शशि साहू, सुमित्रा का विशेष योगदान रहा ।



## हर घर जल योजना से ग्राम कन्हारी में बदली पेयजल की तस्वीर

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड के दूरस्थ वनांचल और बैगा जनजाति बहुल ग्राम कन्हारी में जल जीवन मिशन के तहत चल रही हर घर जल योजना से ग्रामीणों का जीवन काफी आसान हो गया है। अब गांव के हर घर तक नल कनेक्शन के माध्यम से साफ और पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे कई सालों पुरानी पेयजल की समस्या दूर हो गई है। इससे लोगों के जीवन में सुविधा, सुरक्षा और सम्मान की भावना बढ़ी है। पहले गांव के लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। वे कुएं, नाले और हैंडपंप पर निर्भर रहते थे, जिससे रोज कई घंटे मेहनत करनी पड़ती थी। इससे उनका समय और ऊर्जा दोनों खर्च होते थे और पढ़ाई, कामकाज और सेहत पर भी असर पड़ता था। अब हर घर में नल से पानी मिलने से यह परेशानी खत्म हो गई है। महिलाओं का समय बच रहा है, जिसे वे अब घर, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी कामों में लगा पा रही हैं। साफ और सुरक्षित पानी मिलने से गांव में पानी से होने वाली बीमारियां भी कम हुई हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिल रहा है। इससे इलाज पर खर्च भी कम हुआ है और लोगों का जीवन पहले से बेहतर हुआ है।



## धर्म समाचार....

# आपके बेडरूम का वास्तु तय करता है लव लाइफ की क्वालिटी? इन आसान टिप्स से दूर करें हर झगड़ा

क्या आप जानते हैं कि आपके और आपके पार्टनर के बीच होने वाले छोटे-मोटे झगड़ों की वजह सिर्फ आपसी मतभेद नहीं, बल्कि आपके बेडरूम का वास्तु दोष भी हो सकता है? जी हां, वास्तु शास्त्र के अनुसार, बेडरूम की ऊर्जा हमारी लव लाइफ (रुश1द्द रुद्बद्घद्ग) की क्वालिटी को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। अगर बेडरूम में नकारात्मकता है, तो बिना बात के तनाव और दूरियां बढ़ने लगती हैं।

आज हम आपको बताने जा रहे हैं 5 ऐसे आसान वास्तु टिप्स जो आपके रिश्तों में फिर से वही पुरानी ताजगी और रोमांस वापस ला सकते हैं।




**रिश्तों को मजबूत बनाने के 5 वास्तु उपाय**

1. सही दिशा में हो सिरहाना: वास्तु के अनुसार, सोते समय आपका सिर हमेशा दक्षिण दिशा की ओर होना चाहिए। दक्षिण दिशा में सिर करके सोने से शरीर की चुंबकीय ऊर्जा संतुलित रहती है, जिससे गहरी नींद आती है और मन शांत रहता है। जब आप शांत रहते हैं, तो पार्टनर के साथ बातचीत भी मधुर होती है।

2. शीशे की सही जगह: बेडरूम में बेड के ठीक सामने कभी भी शीशा नहीं होना चाहिए। वास्तु शास्त्र का मानना है कि सोते हुए व्यक्ति का प्रतिबिंब शीशे में दिखना स्वास्थ्य और वैवाहिक संबंधों के लिए अशुभ होता है। इससे तीसरे व्यक्ति के हस्तक्षेप की संभावना बढ़ती है और कलह पैदा होती है। अगर शीशा हटाना संभव न हो, तो रात को उसे किसी कपड़े से ढक दें।

3. रंगों का चुनाव: बेडरूम की दीवारों पर कभी भी गहरे या डार्क रंगों (जैसे काला या गहरा भूरा) का इस्तेमाल न करें। बेडरूम के लिए हल्का गुलाबी, क्रीम या आसमानी नीला रंग सबसे अच्छा माना जाता है। ये रंग प्रेम और शांति के प्रतीक हैं और मानसिक तनाव को कम करते हैं।

4. इलेक्ट्रॉनिक सामान से दूरी: आजकल बेडरूम में टीवी, लैपटॉप और मोबाइल का दखल बहुत बढ़ गया है। वास्तु के अनुसार, ये चीजें कमरे में तनाव पैदा करती हैं। कोशिश करें कि सोते समय मोबाइल फोन अपने बेड से दूर रखें और बेडरूम में इलेक्ट्रॉनिक्स कम से कम हों, ताकि आप एक-दूसरे को पूरा समय दे सकें।

5. ताजगी और सजावट: अपने बेडरूम के दक्षिण-पश्चिम कोने में गुलाबी रंग के फूलों का गुलदस्ता या दो हंसों के जोड़े की तस्वीर लगाएं। यह रिश्तों में वफादारी और जुड़ाव को बढ़ाता है। साथ ही, बेड के नीचे कबाड़ या जूते-चप्पल कभी न रखें, यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को रोकता है।

## इन राशियों पर हमेशा बरसती है देवगुरु बृहस्पति की कृपा, जीवन में खूब करते हैं तरक्की

सनातन धर्म में गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस दिन भगवान विष्णु संग देवताओं के गुरु बृहस्पति देव की पूजा की जाती है। साथ ही गुरुवार का व्रत रखा जाता है। यह व्रत विवाहित महिलाएं और अविवाहित लड़कियां रखती हैं। इस व्रत को करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। ज्योतिषियों की मानें तो देवगुरु बृहस्पति की कृपा बरसने से जातक को करियर और कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही सुख, सौभाग्य और वंश में समय के साथ वृद्धि होती है। बृहस्पति देव की कृपा कई राशि के जातकों पर बरसती है। उनकी कृपा से ये जातक अपने जीवन में खूब तरक्की करते हैं। ज्योतिष शास्त्र में बृहस्पति देव को ज्ञान और धन का कारक माना जाता है। कुंडली में गुरु मजबूत होने से जातक को जीवन में मनचाही सफलता मिलती है। ज्योतिष अविवाहित लड़कियों को शीघ्र विवाह के लिए गुरुवार के दिन विष्णु जी की पूजा और व्रत रखने की सलाह देते हैं।

**लकी राशियां**- देवगुरु बृहस्पति धनु और मीन राशि के स्वामी हैं। इन दोनों राशि के जातकों पर बृहस्पति देव की असीम कृपा रहती है। इसके साथ ही कर्क राशि के जातकों को भी बृहस्पति देव शुभ फल देते हैं। कर्क राशि में गुरु उच्च के होते हैं। इसके लिए कर्क राशि के जातकों पर भी गुरु की कृपा बरसती है। गुरु की कृपा से इन राशि के जातकों को जीवन में किसी चीज का अभाव नहीं होता है। ये जातक ज्ञान के माध्यम से धन कमाने में सफल होते हैं। इस राशि के जातक धार्मिक यात्रा अधिक करते हैं। इस राशि के जातकों पर लक्ष्मी नारायण जी की भी विशेष कृपा रहती है। उनकी कृपा से समय के साथ सुख-सौभाग्य और वंश में वृद्धि होती है। बृहस्पति देव की कृपा पाने के लिए गुरुवार के दिन पीले रंग की चीजों का दान करें।



nandgaon times feb-14-3.qxd 2/13/2026 11:56 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# महाशिवरात्रि पर नगर होगा शिवमय

## विभिन्न संस्थाओं द्वारा निकलेंगी भव्य शोभायात्राएँ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में धार्मिक उल्लास चरम पर है। शहर में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा शिवभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्राओं, अभिषेक पूजन और भजन-कीर्तन के माध्यम से पूरा नगर शिवमय होने जा रहा है।

महाशिवरात्रि पर्व आत्मसंयम, साधना और सामाजिक एकता का पर्व है। शिवभक्ति के साथ सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन ही इस पर्व की सच्ची श्रद्धा भावना होगी।

**आज निकलेगी भव्य महाकाल शोभायात्रा**

महाशिवरात्रि के पूर्व 14 फरवरी को नगर में भव्य महाकाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में भगवान शिव के सुसज्जित स्वरूप, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ श्रद्धालु भक्ति में सराबोर नजर आएंगे। आयोजन को लेकर युवाओं और स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**15 फरवरी को सिंघोला मंदिर के भक्तों द्वारा महाकाल पगड़ी यात्रा**

15 फरवरी, महाशिवरात्रि के दिन सिंघोला मंदिर के भक्तों द्वारा पारंपरिक महाकाल पगड़ी यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा श्रद्धा, संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम मानी जाती है, जिसमें बड़ी संख्या



में शिवभक्त शामिल होते हैं।

**सिंधी पंचायत द्वारा शिव अभिषेक, आरती एवं शोभायात्रा**

महाशिवरात्रि के अवसर पर सिंधी पंचायत द्वारा शिव अभिषेक, पूजा-अर्चना, महाआरती एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। पंचायत पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

**सत्यनारायण मंदिर में स्फटिकशिवलिंग का आठों पहर अभिषेक**

शहर के सत्यनारायण मंदिर में स्थापित स्फटिक शिवलिंग का महाशिवरात्रि पर आठों पहर अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। इस दौरान विशेष मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जिसमें श्रद्धालु क्रमश: सहभागिता करेंगे।

**शिवमय भजनों की गूंज**

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के अनेक स्थानों पर शिवमय भजनों, भक्ति संगीत एवं जागरण की प्रस्तुति होगी। भजन मंडलियाँ और कलाकार भगवान शिव की महिमा का गुणगान करेंगे।

**आयोजकों की अपील**

आयोजक संस्थाओं ने नागरिकों से अपील की है कि सभी कार्यक्रमों में अनुशासन, स्वच्छता और सौहार्द बनाए रखें तथा पर्व को श्रद्धा और शांति के साथ मनाएँ।

## निगम में स्वास्थ्य विभाग के 2 कर्मचारी हुये सेवानिवृत्त, दी गई भावपूर्वक बिदाई

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** नगर निगम के सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में



स्वास्थ्य विभाग में सफाई दरोगा के पद में कार्यरत रामशरण रगडे एवं सफाई कर्मी के पद में कार्यरत श्रीमती शांति बाई को सेवानिवृत्त होने पर भावपूर्वक बिदाई दी गयी। कार्यक्रम में आयुक्त सहित कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा अवकाश नगदी करण का चेक दिया गया। बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि गत माह की समाप्ति में हमारे निगम परिवार के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत 02 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिनके सम्मान में आज कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हमारे दोनो कर्मचारी सफाई से जुडे है, इस वजह से वार्ड निरीक्षण के दौरान इनसे सुबह मुलाकात हो जाती थी। इन्होंने समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वाहन किया। सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सीमित संसाधनों में लंबे समय तक समय देकर निष्ठापूर्वक कार्य किये, जिसके लिये हम आभारी है। साथ ही इनके परिवार के भी हम आभारी है जिन्होने सर्विस कार्य में इनका सपोट किया। अब ये अपने परिवारिक दायित्वो का अच्छे तरीके से निर्वाहन करेगे, इसी उमीद के साथ इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे ने कहा कि अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सफाई विभाग में अपना अमूल्य समय देकर सेवानिवृत्त हुए। इन्होने जिस तरीके से अपने कार्यो को किया वह अनुकरणी है। स्वास्थ्य अधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य विभाग में बहुत लंबे समय तक उन्होंने सेवा देकर अच्छे तरीके से अपने दायित्वों का निर्वाहन किए, जिसे भूलाया नही जा सकता।

## युगांतर में ग्रेंड पैरेंट्स डे आज

**राजनांदगाँव ( नांदगाँव टाइम्स )।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी, कक्षा 1 तथा कक्षा 2 के बच्चों और उनके ग्रेंड पैरेंट्स के लिए ग्रेंड पैरेंट्स डे का आयोजन कल 14 फरवरी को सुबह 10 बजे से रखा गया है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि यह बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपने वरिष्ठ जनों के प्रति श्रद्धा प्रकट करेंगे। उनके मस्तक में तिलक लगाकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी वंदना करेंगे। बच्चों और ग्रेंड पैरेंट्स के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। उन्होंने प्री प्राइमरी, कक्षा 1 तथा कक्षा 2 के बच्चों और उनके ग्रेंड पैरेंट्स को इस आयोजन का लुत्फउठाने हेतु सादर आमंत्रित किया है। इस आयोजन की तैयारी प्राचार्य और प्रबंध समिति के मार्गदर्शन में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह और हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी ने पूरी कर ली है।

## छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन की प्रांतीय सभा का आयोजन 18 फरवरी को

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्री पी.आर. यादव द्वारा रविवार,




15 फरवरी 2026 को प्रस्तावित प्रांतीय सभा अब महाशिवरात्रि के कारण 18 फरवरी, बुधवार को दोपहर 1:00 बजे आयोजित की जाएगी। सभा का स्थान कर्मचारी भवन, गौरव पथ, शंकर नगर चौक के पास, जी ई रोड रायपुर होगा। इस बाबत छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग संभाग के संभागीय अध्यक्ष, जिला सचिव (राजनांदगांव शाखा) और जिला संयोजक विभागीय उप समिति, आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभा में पहले से तय एजेण्डा के मुताबिक ही चर्चा होगी। महाशिवरात्रि पर्व को देखते हुए यह बदलाव किया गया है, ताकि कर्मचारियों को पर्व के साथ सभा में भी भाग लेने में कोई परेशानी न हो।

## शरीर को स्वस्थ रखने के लिए चिद्दों में एक दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन

**डोंगरगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** शासकीय प्राथमिक शाला चिद्दों



में योग और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आधुनिक जीवन शैली में बच्चों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था सुबह 10 बजे पतंजलि योग वृक्ष डोंगरगढ़ के सानिध्य में कार्यक्रम की शुरुआत हुई उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन वृक्षासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया प्राणायाम और ध्यान सत्र में सभी ने मानसिक शांति का अनुभव किया शिविर के समापन पर योग शिक्षिका रूपा टेंभुरकर सुषमा सहारे कुसुम सहारे अशरफ जीवा सतिका टेंभुरकर ने योग को जीवन का मुख्य अंग बनाने पर जोर दिया और सभी को नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया इस सफल आयोजन से सभी प्रतिभागियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ शिविर में शासकीय प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका विद्या साहू विलास सहारे शीला कठाने एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिद्दों के समस्त शिक्षक देविका कचलरिया, शशिकांत दुबे, अनीता वर्मा संकुल समन्वयक, प्रवीण चंद्रसेठ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


प्रिसिशन इंजी वर्क्स

स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट

सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।

पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव

मो. 94060-11669


## उपवनमण्डल डोंगरगढ़ के वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव के अंतर्गत संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का बैठक विगत माह आयोजित

**डोंगरगढ़ ( नांदगाँव टाइम्स )।** ।वनमण्डल राजनांदगांव के उपवनमण्डल डोंगरगढ़ के वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव के अंतर्गत संयुक्त वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष / सचिव / सदस्यों, संबंधित परिसर रक्षक, परिक्षेत्र सहायक एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में निर्धारित रोस्टर अनुसार बैठक आयोजित किया गया जिसमें विशेष रूप से वनों को आग से सुरक्षा के संबंध में आवश्यक चर्चा कर वनों को आग से बचाव हेतु आवश्यक सहयोग करने एवं महुआ वृक्ष के नीचे आग न लगाने तथा आसपास के सभी ग्रामीणवासियों को आग से वनों की सुरक्षा हेतु जागरूक करने में सहयोग प्रदान किये जाने एवं



वनों में होने वाली अग्नि घटनाओं के बचाव हेतु वन विभाग छ.ग. शासन द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबर 18002337000 से भी अवगत कराये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। साथ ही वन्यप्राणियों की सुरक्षा, अवैध कटाई, अवैध अतिक्रमण, अवैध परिवहन से वनों की सुरक्षा हेतु उचित सहयोग प्रदान किये जाने हेतु आमजनों से अपील करने का निर्णय लिया गया तथा ग्रामवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के अंर्तगत मुख्यमंत्री किसान मित्र योजना, तेन्दूपत्ता बीमा योजना, छात्रवृत्ति योजना संबंधी सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया।

## आयुक्त विश्वकर्मा साफ सफाई देखने सुबह पहुँचे चिखली, शांतिनगर व शंकरपुर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में उच्च स्थान प्राप्त करने निगम का अमला द्वारा व्यापक तैयारी कर साफसफाई मे जोर दिया जा रहा है। महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं शहर में साफसफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने, स्वास्थ्य अमला को निर्देशित कर रहे है। प्रतिदिन सफाई निरीक्षण की कडी में आयुक्त श्री विश्वकर्मा आज सुबह चिखली,शांतिनगर एवं शंकरपुर का भ्रमण कर नाला सफाई, सार्वजनिक शौचालय एवं एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सफाई के संबंध में दिशा निर्देश दिए। वही चिखली स्कूल मैदान में नन्हे खिलाडियो से रूबरू हो उनका उत्साहवर्धन किया। चिखली,शांतिनगर एवं शंकरपुर में क्रमश: निरीक्षण के दौरान साफसफाई का जायजा लेकर नाला सफाई देख नाला के अंदर तक सफाई कर कचरा निकालने के निर्देश सफाई कर्मी को दिये। उन्होंने कहा कि नाले नालो की सफाई ऐसा करे कि पानी असानी से निकल जाये। शंकरपुर



एसएलआरएम सेन्टर में प्रतिदिन कचरा छाट उसका निष्पादन करने सेन्टर प्रभारी से कहा। उन्होंने कहा कि सत् प्रतिशत घर से कचरा संग्रहण कर युजर चार्ज भी वसूलना सुनिश्चित करे तथा सेन्टर के कचरा फैले देख कचरे का समुचित निपटान करने कहा। इसी प्रकार सार्वजनिक शौचालय में पर्याप्त पानी की व्यवस्था एवं साफ सफाई रखने संचालक को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई से जुडे सभी कर्मचारी आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करे। चिखली स्कूल मैदान निरीक्षण के दौरान मैदान की सफाई कराने स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव से कहा। साथ ही नन्हे खिलाडियो से रूबरू हो उनसे खेल के संबंध में जानकारी लिए। उन्होंने कहा कि आज कल मोबाईल के कारण बच्चो का रूझान खेल के प्रति कम हो गया है, इसके बावजुद इस मैदान में छोटे एवं बड़े बच्चे नियमित खेल अभ्यास कर रहे है, यह सराहनीय है।

## पिस्टल-कट्टों के दम पर दहशत फैलाने वाला गिरोह धरा – 7 बदमाश गिरफ्तार, 4 हथियार बरामद

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )** । जिले में अवैध हथियारों के दम पर दहशत फैलाने वाले गिरोह पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चौकी चिखली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा तथा उनके कब्जे से 02 पिस्टल, 02 देशी कट्टा और 01 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस को 12 फरवरी को सूचना मिली थी कि शंकरपुर क्षेत्र में कुछ युवक पिस्टल-कट्टा दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहे हैं। सूचना मिलते ही चिखली चौकी प्रभारी ने टीम के साथ कब्रिस्तान के पास दबिश दी। पुलिस को देखते ही चार संदिग्ध भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान एक पिस्टल, देशी कट्टा व कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने मध्यप्रदेश से अवैध हथियार खरीदकर क्षेत्र में रौब जमाने और बिक्री की योजना का खुलासा किया। इसके बाद साइबर सेल की मदद से दुर्ग व धमतरी में भी



**चिखली चौकी पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई**

ताबड़तोड़ दबिश दी गई, जहां से गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ा गया और अतिरिक्त हथियार जब्त किए गए। मोहारा पुल के पास रात में की गई घेराबंदी में भी एक पिस्टल बरामद हुई। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी पूर्व में भी कई गंभीर अपराधों में लिप्त रहे हैं और संगठित रूप से अवैध हथियार रखकर क्षेत्र में भय का माहौल बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली, डिगम्बर साहू उर्फ छोटू, सेवक कश्यप उर्फ डाला, गुंजेश वर्मा उर्फ शिया (सभी राजनांदगांव), विक्की देशमुख उर्फ मोनू (दुर्ग), जतीनदास मानिकपुरी व उमेश साहू उर्फ बठालू (दोनों धमतरी) शामिल हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 111 बीएनएस एवं 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है पूरी कार्रवाई में चिखली चौकी स्टाफ व साइबर सेल टीम की अहम भूमिका रही, जिसकी वरिष्ठ अधिकारियों ने सराहना की है। पुलिस मामले की विस्तृत विवेचना में जुटी है।

# भुंई फोड़ महादेव धाम में, महाशिवरात्रि पर भव्य भंडारा महाप्रसादी आयोजित

## राम चरित मानस पाठ सहित शिव भक्ति की बहेगी भाव? धारा

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** निकटस्थ ग्राम गठुला - भेड़ीकला समीप स्थित ग्राम भांठागाव में भुई फोड़ उपजे स्वयं -भू- लिंगेश्वर धाम में 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर भव्य भोज भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि स्वयं भू- लिंगेश्वर धाम में नागराज जी के साक्षात दर्शन होते हैं। महाशिवरात्रि के दिन स्वयं भू- शिव ? लिंगेश्वर मंदिर में सुबह से भजन -पूजन, शिव रुद्राभिषेक आदि सहित रायपुर वाले हरिहर मान समिति का सुरमयी रामायण पाठ आयोजित की गई है। तत्पश्चात भव्य भंडारा कार्यक्रम आयोजित है। मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के दिन ग्राम भांठागांव में भगवान स्वयं - भू- शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है ग्राम में मेला-मंडई जैसा माहौल रहता है। उन्होंने बताया कि आज से लगभग 10 साल पहले भीषण गर्मी के दिनों में भुई फोड़ प्रकटे भगवान स्वयं- भू- लिंगेश्वर का पिंड दिनों-दिन आकार बढ़ते जा रहा है। मनुष्य की तरह धड़कन होते स्वयं भू- लिंगेश्वर में नाग सर्प हमेशा लिपटे रहते हैं।



**महिलाओं द्वारा की जाएगी रुद्राभिषेक**

भगवान स्वयं -भू-लिंगेश्वर पर आस्था रखने वाले शिव भक्त अनिल श्रीवास्तव, चिरंजीव सिन्हा,विकास पांडेय,नंद किशोर डडसेना, आदित्य शर्मा, अरुण दामले आदि ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व के दिन सुबह महासमुंद से पधारी श्रीमती पुष्पा चौहान रायपुर की अर्चना देवी, खैरागढ़ की चंपा चंद्राकर राजनांदगांव से गौरी देवांगन, दुर्ग भिलाई की बेलासा साहू लोकेश्वरी डाली साहू सुनीता ,माधवी, भांठा गांव की टेमिन साहू आदि महिलाओ द्वारा अपने हाथों से भगवान स्वयं भू- लिंगेश्वर का रुद्राभिषेक करेंगी। इस दौरान मृत्युंजय का महामंत्र गुंजायमान बना रहेगा। महाशिवरात्रि पर ग्राम भांठा गांव में मेला- मंडई जैसे माहौल के बीच सैकड़ों की संख्या में पधारे शिव भक्तों को भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भक्त जनों में,महाप्रसादी वितरित की जाएगी। मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर स्वयं भू-लिंगेश्वर धाम भांठागांव पधार कर भगवान स्वयं -भू- शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने व महाप्रसादी ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com